डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय,
पूसा, समस्तीपुर

पत्रांक......31....../कु0स0को0/पूसा,समस्तीपुर दिनांक 8-4-/2021

अपील

विदित हो कि डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा परिसर आवास स्थल तथा पूसा प्रखंड में अवस्थित अन्य आवासीय कुछ व्यक्तियों के COVID-19 से संक्रमित होने की सूचना प्राप्त हो रही है। इसके साथ–साथ विश्वविद्यालय के कुछ कर्मियों (शिक्षकेत्तर/ गैर–शिक्षकेत्तर) के COVID-19 से संक्रमित होने की भी सूचना मिल रही है। इस संबंध में जिला समाहरणालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 02.04.2021 द्वारा विश्वविद्यालय परिसर को कंटेनमेंट जोन घोषित किया जा चुका है एवं सामान्य आवागमन पर भी आवश्यक रोक लगा दी गयी है। COVID-19 संक्रमण की रोकथाम हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से इस दिशा में समय–समय पर आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। विश्वविद्यालय के सभी कर्मियों को निदेशित किया जा चुका है कि वे अपना COVID-19 जाँच एवं टीकाकरण करवा लें क्योंकि कोरोना टीकाकरण हम सब के लिए बेहद जरूरी है। हमें किसी भ्रम या गलत संदेश पर विश्वास किये बिना यह समझना होगा कि संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण ही एक मात्र उपाय है जो हमें कोरोना से बचाव के लिए सुरक्षा प्रदान करता है।

कोरोना संक्रमण से पैदा संकट के बीच आपके सहुलियतों को ध्यान में रखते हुए मैं विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से पुनः आप सभी कर्मियों से आग्रह करता हूँ कि सभी अपना कोरोना टीकाकरण करवा लें एवं साथ–ही–साथ अपने परिजनों को भी कोरोना टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित करें क्योंकि संक्रमण कभी भी बढ़ सकता है। इस कार्य में आप सबों का सहयोग अपेक्षित है जिसके द्वारा ही विश्वविद्यालय परिसर एवं इसके आवासीय स्थल तथा परिजनों को COVID-19 संक्रमण से बचाया जा सकता है। इसके साथ ही साथ मास्क आवश्यक रूप से लगायें एवं भीड़–भाड़ वाले जगहों पर जाने से बचें।

08/04/21

कुलसचिव

8/4/21

प्रतिलिपि :– सभी अधिष्ठाता/निदेशक/नियंत्री पदाधिकारी/कुलसचिव/नियंत्रक/संस्थान प्रधान/विभाग प्रधान/सह निदेशक अनुसंधान, प्रथम एवं द्वितीय/नोडल पदाधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र/सभी वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र/प्रभारी (केन्द्र/उपकेन्द्र), प्रभारी वाहय परीक्षा एवं मुल्यांकन कोषांग/सम्पदा पदाधिकारी/सुरक्षा पदाधिकारी, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– प्रभारी ऐरिस सेल, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा को विश्वविद्यालय बेवसाईट पर प्रचारार्थ/प्रदर्शनार्थ प्रेषित।

कार्बन प्रति :– कुलपति के सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।